हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 21 अक्टूबर 2026
बलौदाबाजार | भाटापारा | तिल्दा-नेवरा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला









रक्षित केंद्र में हुआ शस्त्र पूजन

बलौदाबाजार। विजयादशमी के पावन पर्व पर मंगलवार को रक्षित केंद्र बलौदाबाजार में हर्षोल्लास के साथ शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मां दुर्गा एवं शस्त्रों की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधिकारियों और जवानों ने शामिल होकर शांति, सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।रक्षित केंद्र परिसर में सुबह 10 बजे आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक ने विधिवत पूजा-अर्चना और आरती कर शस्त्रों का पूजन किया। उन्होंने पुलिस परिवार को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पर्व अधर्म पर धर्म और असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक है। पुलिस विभाग में शस्त्र पूजन की परंपरा जनसुरक्षा, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को मजबूत करती है। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने, आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पूरी निष्ठा से कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जनसेवा और कर्तव्यपालन के प्रति सदैव तत्पर रहने का संदेश दिया।शस्त्र पूजन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, एसडीओपी भाटापारा मयंक रणसिंह, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, उप पुलिस अधीक्षक यातायात मोनिका मरावी, रक्षित निरीक्षक उषा ठाकुर सहित पुलिस कार्यालय एवं रक्षित केंद्र के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे पुलिस परिवार ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ विजयादशमी का पर्व मनाया।



विजया दशमी : जिले में रावण दहन के साथ दिया बुराई पर अच्छाई की जीत का दिया संदेश

51 फीट के रावण का दहन, जमकर आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

नगर में दशहरा उत्सव समिति के तत्वावधान में मंगलवार को विजयादशमी महोत्सव हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप आयोजित इस महोत्सव में बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। 51 फिट रावण के पुतले का दहन के माध्यम से बुराई पर अच्छाई, असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की विजय का संदेश दिया गया। आकर्षक आतिशबाजी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने आयोजन की भव्यता बढ़ाई। पूरा वातावरण उत्सवमय रहा और लोगों ने मिलकर विजयादशमी की खुशियां मनाईं। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अशोक जैन, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, कुर्मी समाज केंद्रीय अध्यक्ष खोड़स राम वर्मा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष जितेंद्र म्हाले सहित पार्षदगण, वरिष्ठ नागरिक और पत्रकारगण गरिमामय रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित महोत्सव ने नगर की सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकजुटता को प्रदर्शित किया।

- पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से हुआ आयोजन



पुलिस की मुस्तैदी से शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ आयोजन

विजयादशमी महोत्सव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने और कार्यक्रम को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए बलौदाबाजार पुलिस ने व्यापक व्यवस्था की। थाना सिटी कोतवाली प्रभारी लाकेश केवट के नेतृत्व में पुलिस बल की मुस्तैदी और चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के चलते आयोजन सुचारू रूप से संपन्न हुआ। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की सक्रिय भूमिका महत्वपूर्ण रही। पुलिस की सतर्कता से उत्सव में शामिल लोगों को सुरक्षित माहौल मिला और कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोजन के दौरान पुलिस प्रशासन की तत्परता और व्यवस्था की सराहना की गई।

समिति के पदाधिकारियों ने संभाली जिम्मेदारी

दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष रमेश कुमार सोनी, उपाध्यक्ष पनीष केशरवानी, कोषाध्यक्ष मनोज सोनी और सचिव आकाश सोनी सहित समिति के सदस्यों ने आयोजन की जिम्मेदारी संभाली। समिति में सूरज सोनी, देवाशीष यदु, अनिल ठाकुर, संतोष पटेल और फागुराम साहू सहित अन्य सहयोगियों की सहभागिता रही। नगरवासियों के सहयोग से महोत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। विजयादशमी का पर्व भगवान श्रीराम की ओर से रावण पर विजय की स्मृति में मनाया जाता है। यह पर्व संदेश देता है कि अहंकार, अन्याय और नकारात्मक प्रवृत्तियों का अंत निश्चित है तथा सत्य और सदाचार का मार्ग सदैव श्रेष्ठ रहता है।

पलारी में 45 फीट के रावण का दहन, घंटों चली आतिशबाजी, उमड़ी अपार भीड़

पलारी। नगर पंचायत पलारी में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। दशहरा उत्सव के अवसर पर बुराई के प्रतीक 45 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे जहां दशहरा मैदान खचाखच भरा रहा लोगो की अपार मौजूदगी आतिशबाजी अंत तक डटे रहे। पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा और आकर्षक आतिशबाजी ने लोगों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में रामलीला मंडली द्वारा रामायण के प्रसंगों का जीवंत मंचन किया गया। कलाकारों ने भगवान श्रीराम और रावण के बीच युद्ध का प्रभावशाली चित्रण कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके पश्चात रावण के पुतले का दहन किया गया। पुतले के धू-धू कर जलते ही मैदान तालियों और जयघोष से गूंज उठा। घंटों चली आतिशबाजी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। बच्चों, युवाओं और परिवारों ने उत्साह के साथ विजयादशमी का आनंद लिया।

इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि विजयादशमी का पर्व हमें ⏭ शेष पेज 08 पर





असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक रावण दहन

करहीबाजार। श्री आदर्श रामलीला मंडली द्वारा रावण दहन लीला का मंचन कर बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक विजयादशमी पर्व के अवसर पर करही बाजार में रावण दहन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोगों में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।रावण दहन भारतीय संस्कृति और परंपरा का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह पर्व हमें भगवान श्रीराम के आदर्शों, सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। रावण का पुतला दहन बुराई, अहंकार और अधर्म के अंत का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने तथा समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संदेश दिया। विजयादशमी का पर्व हमें याद दिलाता है कि सत्य और धर्म की राह पर चलने वालों की अंततः विजय होती है।



खबर संक्षेप

टेहका में दशहरा उत्सव आज

भाटापारा। ग्राम पंचायत टेहका में 21 अक्टूबर को दशहरा उत्सव मनाया जायेगा जिसमें आसपास के कई ग्राम पंचायत के लोग व भाटापारा के अलावा ग्रामीण क्षेत्र सूरजपुरा, दतरेंगा, दतरेंगी, मधुबन, कलमी पारवानी बीजराडीह पंचशीलनगर, सुरखी आदि से बडी संख्या में लोग पहुंचेंगे।

64 पाव अवैध शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार



पलारी। जिले में महत्वाकांक्षी योजना दृष्टि हेल्पलाइन प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी दृष्टि हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। दृष्टि हेल्पलाइन के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में19 अक्टूबर को दृष्टि हेल्पलाइन में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम सलौनी में घेराबंदी कर अवैध रूप से बिक्री करने वाली 01 आरोपी सुरेश जांगडे उम्र 30 साल निवासी ग्राम सलौनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी से कुल 6400 कीमत मूल्य का 64 पाव देसी मसाला शराब, जप्त किया गया है। आरोपी के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

स्कूटी की डिक्की से तीन किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए स्कूटी से गांजा परिवहन कर रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 3 किलो 27 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी कीमत करीब 30 हजार रुपए बताई गई है। गांजा परिवहन में प्रयुक्त स्कूटी सहित कुल 50 हजार रुपए का सामान जब्त किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस अधीक्षक गौरव राय के निर्देशन में जिले में नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 19 अक्टूबर को सिटी कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि पुरानी बस्ती बलौदाबाजार निवासी गंगू कुमार धृतलहरे स्कूटी में गांजा रखकर बिक्री के लिए परिवहन कर रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने खोरसीनाला के पास घेराबंदी कर संदिग्ध स्कूटी क्रमांक सीजी 22 एक्स 6341 को रोका। वाहन की तलाशी लेने पर उसकी डिक्की से 3 किलो 27 ग्राम गांजा बरामद हुआ।



पुलिस ने गांजा और स्कूटी को जब्त कर लिया। पुलिस ने आरोपी गंगू कुमार धृतलहरे (26 वर्ष), पिता धूसु धृतलहरे, निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 875/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर 20 अक्टूबर को आरोपी को गिरफ्तार किया गया। उसे न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।

धान खरीदी की तैयारियां तेज, 31 अक्टूबर तक कराएं नवीन पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में धान खरीदी केन्द्रों के माध्यम से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन किया जाएगा। धान उपार्जन की तैयारी के लिए राज्य शासन द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे धान खरीदी की तैयारी जिले मे जोरों पर है।जारी निर्देश मे कहा गया है कि धान उपार्जन हेतु केन्द्र का चिन्हांकन करते समय विशेष रूप से यह ध्यान रखा जाए कि ऐसे स्थानों की भूमि समतल हो एवं पर्याप्त रूप से ऊंचा स्थान पर हो जिससे आकस्मिक वर्षा की स्थिति में संग्रहित धान के खराब होने की स्थिति निर्मित न हो। उपार्जन केन्द्र स्तर पर धान के सुरक्षित संग्रहण हेतु आवश्यक संख्या में पॉलिथीन कवर, डनेज सामग्री, सीमेंट ब्लॉक, फ्लाई ऐश ब्रिक्स एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था भी उपार्जन केन्द्रों में उपलब्ध होना चाहिए। सभी उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी के लिये नमी की जांच हेतु आर्द्रतामापी यंत्र रखे जाएंगे। सभी खरीदी केन्द्रो में आर्द्रतामापी यंत्र चालू अवस्था में होने चाहिए। आर्द्रतामापी यंत्र का कैलीब्रेशन यथाशीघ्र धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व करा लिया जाए।



31 तक खुला है नवीन पंजीयन और संशोधन का मौका

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए ऑनलाइन सोसायटी माड्यूल से 31 अक्टूबर 2026 तक नवीन पंजीयन तथा संशोधन करने के लिए समय-सीमा निर्धारित की गई है। विगत खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकृत माना जाएगा एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे तथा खसरा को राजस्व विभाग के माध्यम से एग्रीस्टेक पंजीयन पोर्टल में अद्यतन करा लिया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी हेतु कृषक पंजीयन के लिए खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों को आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के लिए पंजीकृत माना जाएगा एवं इसके लिए विगत खरीफ वर्ष 2025-26 में पंजीकृत किसानों की दर्ज भूमि एवं धान के रकबे एवं खसरे को राजस्व विभाग के माध्यम से एग्रीस्टेक पंजीयन पोर्टल से अद्यतन करा लिया जाएगा। जिले मे समर्थन मूल्य मे धान बेचने अब तक 168939 किसान पंजीकृत है। नवीन किसानों के लिये पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 निर्धारित है।

इलेक्ट्रॉनिक तौल और तकनीकी उपकरणों की जांच

गत वर्ष अनुसार बायोमेट्रिक आधारित धान खरीदी के लिए आवश्यक व्यवस्था,धान खरीदी केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र के माध्यम से की जाएगी। विधिक माप विज्ञान के द्वारा इलेक्ट्रॉनिक तौल यंत्र का सत्यापन समय अनुसार कराया जाएगा। खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्था के संबंध में संलग्न चेक लिस्ट अनुसार कार्यवाही की जाए। विगत वर्षों में उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी हेतु प्रयुक्त किए गए कम्प्यूटर, प्रिन्टर, जनरेटर एवं यू.पी.एस. का परीक्षण करा लिया जाए एवं यदि कोई उपकरण चालू हालत में न हो तो तत्काल उसमें सुधार करा लिया जाए। ये सभी उपकरण चालू हालत में हैं एवं कम्प्यूटर के इंस्टालेशन का कार्य उपार्जन केन्द्र में किया जा चुका है, इस आशय का प्रमाण-पत्र संबंधित सहकारी समिति के प्रबंधक से प्राप्त किया जाए। नये खरीदी केन्द्रो में कम्प्यूटर, प्रिन्टर, जनरेटर एवं यू.पी.एस. की व्यवस्था समिति द्वारा समयानुसार कर लिया जाए। खरीदी केंद्रों मे धान भण्डारण की तैयारी अभी से कर लिया जाए।खरीदी केन्द्र हेतु नोडल अधिकारी नामांकित कर चेक लिस्ट का सत्यापन किया जाएगा।

नम आंखों से दी गई माता को विदाई

सांग नृत्य और झांकियों को देखने उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिमगा

नगर सहित पूरे अंचल में मंगलवार को नवरात्रि के दसवें दिन दुर्गा प्रतिमाओं का बड़े ही धूमधाम के साथ विसर्जन किया गया। साधकों द्वारा नौ दिनों तक माता दुर्गा के अनेक रूपों की उपासना करने बाद शिवनाथ नदी में देवी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। सिमगा नगर में विसर्जन कार्यक्रम सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक जारी रहा। इस दौरान प्रशासन ने शहर के अंदर चार पहिया सहित सभी बड़ी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाते हुए बेरिकेट लगाया था। देवी प्रतिमाओं के विसर्जन एवं झांकियों के स्वागत व पुष्प वर्षा के लिए नगर पालिका अध्यक्ष हरदीप सिंह राजू भाटिया ने जय स्तंभ चौक में पंडाल लगाया था। जहां से उन्होंने नगर के सभी दुर्गा प्रतिमाओं, जोत जंवारा, जसगीत गायकों, सांगधारीयों, व झांकियों का जबरदस्त स्वागत किया। वहीं देवांगन समाज के पंडाल से पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा के साथ अनिल पांडे, काग्रेस के पंडाल से सुनील माहेश्वरी एवं छग क्रान्ति सेना व जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के पंडाल से जोहार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अध्यक्ष चंद्रकांत यदु, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र यदु ने देवी प्रतिमाओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। सांग नृत्य देखने हजारों की रही भीड़ - सिमगा में सांगधारीयों का सांग नृत्य पुरे प्रदेश में अनुठा है जिसे देखने नगर के अलावा ग्रामीण ⏭ शेष पेज 08 पर







आकर्षण का केंद्र रहा पारंपरिक 'सांग नृत्य'

वहीं जसगीत व मांदर की धुन पर अनेक महिलाओं को देवी का सवार भी आया। दुर्गा माता के विसर्जन के दौरान नगर के विभिन्न समितियों द्वारा अनेक स्थानों एवं विसर्जन स्थल में नाश्ता पानी प्रसादी भोग की व्यवस्था की गयी थी। नवरात्रि पर्व में माता की नौ दिनों तक उपासना करने के बाद आज डीजे, धुमाल, जसगीत ,एवं झांकी निकाल कर माताराणी को नम आंखों से विदाई दी गयी। इस दौरान जय स्तंभ चौक तिगड्डा चौक से शिवनाथ नदी तक दो किलोमीटर तक हजारों की संख्या में दर्शनार्थियों की भारी भीड़ लगी रही।

नवरात्रि- दशहरा की बधाई वाले फ्लेग्स फाड़ा पुलिस से शिकायत

सिमगा। भारतीय राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस महासंघ इंटक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पप्पू हासम अली ने सिमगा थाना में लिखित शिकायत कर उनके बधाई संदेश वाले लगे फ्लेग्स को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फाड़ने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। शिकायत के अनुसार, पप्पू हासम अली ने नवरात्रि एवं दशहरा पर्व के अवसर पर सिमगा नगर के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर फ्लेक्स लगवाए थे। इनमें से चार फ्लेक्स को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा फाड़कर फेंक दिए जाने का आरोप लगाया गया है। ये फ्लेक्स सिमगा विश्रामगृह, इंडियन बैंक सिमगा शाखा के पास, जयस्तंभ चौक तथा भाटिया पेट्रोल पंप के आसपास लगाए गए थे। बताया जाता है कि 19 अक्टूबर की रात करीब 10 बजे से 20 अक्टूबर की सुबह ⏭ शेष पेज 08 पर

खबर संक्षेप

बत्ते से वार कर छोटे भाई का सिर फोड़ा

रायपुर। एक युवक पर बत्ता से हमला कर सिर फोड़ने के मामले में मोवा पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। प्रार्थी सुनील बंजारे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर को रात करीब 11.30 बजे आरोपी अनिल बंजारे एवं महेश बंजारे, जो प्रार्थी के बड़े भाई हैं, ने घरेलू विवाद पर उसके सिर पर लकड़ी के बत्ते से वार कर दिया, जिससे उसके सिर पर गंभीर चोट आई है। पुलिस ने मामले में दोनों आरोपियों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

ऑटो में यात्री की जेब से 21 हजार पार

रायपुर। ऑटो से जा रहे एक व्यक्ति की जेब कट गई। प्रार्थी हातिम खान ने खमतराई थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 17 अक्टूबर को शाम 5.30 बजे एक ऑटो रिक्शा से गाजीनगर बिरगांव से शहर की तरफ जा रहा था। उसकी जेब में 21 हजार रुपए थे। जब वह ऑटो से उतरने के बाद अपनी जेब चेक किया तो रुपए गायब थे। ऑटो में ही किसी यात्री ने उसकी जेब से पैसे निकाल लिए। पुलिस ने इस मामले में अपराध दर्ज किया है।

नशीली टेबलेट बरामद धरे गए दो विक्रेता

रायपुर। राजधानी रायपुर में नशीली दवाओं की अवैध बिक्री के संबंध में एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम ने प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 209 नग नशीली टेबलेट, एक स्कूटी और मोबाइल फोन सहित कुल 1 लाख 43 हजार 600 रुपये कीमत का सामान जब्त किया गया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंज थाना क्षेत्र के तेलघानी नाका ओवरब्रिज के नीचे एक युवक दोपहिया वाहन में प्रतिबंधित नशीली टेबलेट लेकर बिक्री के लिए ग्राहक तलाश रहा है।

चाकू दिखाकर युवक के साथ मारपीट, धमकी

महासमुंद। ग्राम बड़ेसाजापाली में एक युवक को चाकू दिखाकर मारपीट और धमकी देने के मामले में बसना थाने में आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। हरदा नवागांव का मनीष साहू पिता रमेश साहू (18 वर्ष) 16 अक्टूबर को रात्रि करीबन 8 बजे दोस्त भारत साहू, मयंक साहू, नूतन यादव, आशीष साहू के साथ पैदल ग्राम बड़े साजापाली नाचा देखने गया था, रात्रि करीबन 09 बजे उसके गांव के कान्हा बाघ के साथ शुभम दास, राम दास के साथ आए और उसके कालर को पकड़कर खींचते तालाब की ओर ले गए।

पर्व : रामलीला के मंचन ने बांधा समां, लंबी कूद के विजेताओं का हुआ सम्मान

कसडोल में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन आतिशबाजी और जय श्रीराम के जयकारों की गूंज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल







असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी का पर्व कसडोल नगर में हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर पंचायत कसडोल के दशहरा मैदान में 80 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों ने भव्य आतिशबाजी का आनंद लिया। पूरा मैदान जय श्रीराम के जयघोष से गूंज उठा।

कार्यक्रम में कसडोल विधायक संदीप साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। नगर पंचायत अध्यक्ष नागेश्वर साहू ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। वहीं पूर्व विधायक अरुण मिश्रा एवं नगर पंचायत उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दशहरा उत्सव के दौरान बगदेवी पारा रामलीला मंडली द्वारा रावण वध का आकर्षक मंचन किया गया। इसके पश्चात बुराई के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन होते ही मैदान तालियों, जयघोष और आतिशबाजी की गूंज से भर उठा। दशहरा उत्सव समिति द्वारा लगभग एक घंटे तक रंग-बिरंगी आतिशबाजी की गई, जिसका नगरवासियों ने भरपूर आनंद लिया। आतिशबाजी का नजारा अपने मोबाइल फोन में कैद करने के लिए लोगों में होड़ लगी रही। मैदान में मौजूद बच्चे, युवा और बुजुर्ग हर खास पल को अपने कैमरे में रिकॉर्ड करते नजर आए।

अहंकार त्यागकर सत्य के मार्ग पर चलने का संदेशः मुख्य अतिथि विधायक संदीप साहू ने क्षेत्रवासियों को विजयादशमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि दशहरा हमें अपने भीतर के अहंकार और बुराइयों को समाप्त करने की प्रेरणा देता है।

रावणभाठा मैदान में 51 फीट के रावण कुंभकर्ण और मेघनाथ का हुआ दहन



भाटापारा। नगर के रावणभाठा दशहरा मैदान में मंगलवार को विजयादशमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर 51 फीट ऊंचे रावण के पुतले के साथ-साथ कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का भी भव्य दहन किया गया। दशहरा उत्सव देखने के लिए क्षेत्र से बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से पूरा मैदान खचाखच भरा हुआ था। इस अवसर पर विधायक इन्द्र साव, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया, सभापति मनीष मिश्रा, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुशील शर्मा, अमित शर्मा, आलोक मिश्रा, पार्षद चंद्रशेखर चक्रधारी, देव नारायण बांधे सहित नगर पालिका के तमाम पार्षद और विभिन्न राजनीतिक दलों के गणमान्य लोग मौजूद रहे।रावणभाठा पहुंचे नागरिकों ने शानदार आतिशबाजी का जमकर आनंद उठाया। दशहरा उत्सव की संपूर्ण व्यवस्था नगरपालिका द्वारा की गई थी। अध्यक्ष अश्वनी शर्मा के मार्गदर्शन में मैदान में बैठने, लाइटिंग और अन्य जरूरी प्रबंध सुनिश्चित किए गए थे। पर्व के दौरान नगर की आदर्श रामलीला नाटक मंडली द्वारा जीवंत रामलीला का मंचन भी किया गया।मेला स्थल पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का तगड़ा अमला तैनात रहा। एसडीओपी मयंक रणसिंह, शहर थाना प्रभारी अमित पाटले, ग्रामीण थाना प्रभारी हेमंत पटेल सहित पुलिस बल मुस्तैदी से डटा रहा, जिससे पूरा आयोजन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

धूमधाम से मनाया गया दशहरा उत्सव



हिरमी रावन। ग्राम सकलोर में विजयादशमी एवं दशहरा का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आदर्श बाल रामलीला मंडली सकलोर द्वारा पांच दिवसीय रामलीला का भव्य आयोजन किया गया, जिसके पश्चात छठे दिन दशहरा उत्सव मनाया गया। इस आयोजन में समस्त ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गांव की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने में अपनी सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट हिरमी के एचआर मनोज यादव उपस्थित रहे।

उनके साथ रंजीत नैनवाल, अभिषेक नायर, अविनाश मिश्रा, वैभव त्रिपाठी एवं श्री राठौर सहित अन्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। ग्राम पंचायत सकलोर की सरपंच ममता वेद प्रकाश वर्मा ने समस्त ग्रामवासियों को दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गांव की पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखना हम सभी के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। पांच दिनों तक रामलीला का आयोजन और उसके बाद दशहरा पर्व का उत्साहपूर्वक मनाया जाना हमारी आस्था, संस्कृति और आपसी एकता का प्रतीक है। उन्होंने रामलीला मंडली के सभी कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि कलाकारों ने अपनी कला और अभिनय के माध्यम से रामलीला के प्रसंगों को जीवंत बनाया। ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को हमारी धार्मिक मान्यताओं, आदर्शों और सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए समस्त ग्रामवासियों को बधाई दी। कलाकारों की प्रतिभा ने मोहा मन पांच दिवसीय रामलीला के दौरान मंडली के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया।ग्रामवासियों ने पूरे उत्साह के साथ रामलीला का आनंद लिया। यह आयोजन धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव, सहयोग और सामूहिक एकता का भी संदेश देता रहा। कार्यक्रम के समापन अवसर पर रामलीला मंडली के सदस्यों एवं ग्राम के प्रबुद्ध नागरिकों ने मुख्य अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान खेदुराम वर्मा, ठाकुर राम साहू, नकुल राम साहू, नारायण वर्मा, कृष्ण कुमार वर्मा, राधेश्याम वर्मा, जयप्रकाश वर्मा, अशोक, सालिक, मनसाना, सनत सिन्हा एवं दुलेश धीवर सहित अन्य सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

साप्ताहिक बाजार में 50 फीट ऊंचे रावण का दहन, गूंजे 'जय श्रीराम' के जयकारे

लवन। असत्य पर सत्य, अधर्म पर धर्म और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजयादशमी पर्व मंगलवार को नगर के साप्ताहिक बाजार में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ दशहरा मनाया गया। भगवान श्रीराम की विजय की स्मृति में मनाए जाने वाले इस पावन पर्व पर नगर के साप्ताहिक बाजार रावण दहन का साक्षी बना।



यहां गौधूलि बेला में 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन किया गया। रावण दहन के साथ ही पूरा वातावरण जय श्रीराम के जयघोष से गुंजायमान होने और धर्म की विजय का संदेश दिया। हिंदू धर्म में विजयादशमी का विशेष धार्मिक और आध्यात्मिक महत्व है। मान्यता के अनुसार, इसी दिन मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने लंकापति रावण का वध कर माता सीता को उसकी कैद से मुक्त कराया था। यह पर्व संदेश देता है कि अधर्म और अहंकार चाहे कितने ही शक्तिशाली क्यों न हों, अंततः विजय सत्य और धर्म की ही होती है। रावण दहन केवल एक पुतले को जलाने की परंपरा नहीं, बल्कि मनुष्य के भीतर मौजूद अहंकार, क्रोध, लोभ, मोह और बुराइयों को समाप्त करने का संकल्प भी है। धर्म, आस्था और संस्कारों का पर्व विजयादशमी भारतीय संस्कृति और सनातन परंपरा में आस्था का महत्वपूर्ण पर्व है। यह पर्व नई पीढ़ी को भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, कर्तव्यनिष्ठा और सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और मर्यादा का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। रावण दहन के अवसर पर यही संदेश प्रासंगिक हो उठता है कि व्यक्ति को अपने भीतर की बुराइयों पर विजय प्राप्त करनी चाहिए।

मंगलवार को नगर में रावण दहन विजयादशमी की धार्मिक महत्ता को जीवंत करते देखे गए। 50 फीट ऊंचे रावण के पुतले का दहन इस बात का प्रतीक बना कि समाज में सत्य, सद्भाव, मर्यादा और धर्म की विजय सदैव सर्वोपरि है। जय श्रीराम के उद्घोष के साथ विजयादशमी का पर्व लोगों को अच्छाई के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा दिया।

पेज 7 के शेष

पलारी में 45 फीट...

सत्य, धर्म और न्याय के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। भगवान श्रीराम का जीवन आदर्श, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। हमें अपने जीवन से अहंकार, अन्याय और बुराइयों को दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा ने कहा कि विजयादशमी असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। यह पर्व हमें समाज में प्रेम, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने की प्रेरणा देता है।विजयादशमी के इस आयोजन ने पलारी में उत्सव और उल्लास का माहौल बना दिया। रावण दहन के साथ लोगों ने सत्य की राह पर चलने तथा समाज में व्याप्त बुराइयों को समाप्त करने का संदेश ग्रहण किया। कार्यक्रम में ये रहे उपस्थितः नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू, हितेंद्र ठाकुर, इंद्रदेव वर्मा, बृजमोहन साहू, शेखर वर्मा, शैलेन्द्र रजक, नंद वर्मा, मनीष चंद्राकर, रोहित साहू, मनोज वर्मा, डॉ. प्रसाद धीवर, झड़ी राम कन्नौजे, अमित वर्मा, लेखु वर्मा, नारायण धीवर, पुनीत निषाद, कृष्णा देवांगन, देवेंद्र वर्मा, नेमसिंह बांधे, प्रतिभा धीरहे, कुमार धीवर, भूषण ठेठवार, खेलन वर्मा, राधा वर्मा, रवि ध्रुव, डोमार वर्मा, रिंकू खूंटे, नूतन सेन, ताजेन्द्र कन्नौजे, राजू गुप्ता, संतोष देवांगन, राजेंद्र साहू, साधराम साहू, शेरखान, पंचू वर्मा, भूरेलाल वर्मा, रवि कन्नौजे, हुमेश्वर गोस्वामी, अमन साहू, लोकेश कन्नौजे, अरुण बंजारे, विनय शर्मा, पुनीत रजक, उमाशंकर साहू, संतोष कोशले, ईश्वर साहू, जगदीश पटेल, डालेंद्र कन्नौजे, खूबी राम कन्नौजे, रवि डंडो, महेंद्र वर्मा, शैलेन्द्र धीवर, प्रकाश वर्मा, दिलीप यादव, राजू वर्मा, राकेश छेदैया, बबलू देवांगन, मुशी राम साहू, तोषण साहू, गोवर्धन यादव, सोनसाय साहू, दुलार धीवर, सुरेश साहू, भक्ति यादव, संतोष वर्मा, श्याम सुंदर साहू, हरीश कन्नौजे, गुरुदत्त कन्नौजे, योगेश वर्मा और राजेश यादव सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

सांग नृत्य और...

क्षेत्रों से हजारों की संख्या में महिला पुरुष एवं बच्चे आए हुए थे। सांग लेने वालों में बड़ो के साथ छोटे छोटे बच्चे युवा व युवतियां भी शामिल थी जिनके सांग नृत्य ने लोगो को खुब लुभाया।

नवरात्रि- दशहरा की ...

लगभग 11 बजे के बीच फ्लेक्स फाड़े जाने की जानकारी मिली। उन्होंने इसे जान बूझकर किया गया कृत्य बताते हुए मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि इससे पहले भी विभिन्न शुभ अवसरों पर बधाई संदेश वाले फ्लेक्स लगाए जाते रहे हैं उन्हें भी फाड़कर फेंक दिए जाने की घटनाएं होती रही हैं। अली ने थाना प्रभारी से सीसी टीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

भैंसा में छत्तीसगढ़ी दाई के रूप में विराजीं मां दुर्गा, विधि-विधान से हुआ विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसा



प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भैंसा बस्ती में नव नवयुवक मित्र मंडल दुर्गा उत्सव सेवा समिति के द्वारा इस वर्ष अभी शारदीय नवरात्रि का आयोजन किया गया था जिसमें मां दुर्गा की स्थापना की गई। ग्राम पंचायत भैंसा के पूर्व सरपंच दुगेस साहू ने बताया कि इस बार माता के रूप में छत्तीसगढ़ी दाई का स्वरूप देखने को मिला जो बेहद ही आकर्षित रहा, ग्रामवासी भी काफी उत्साहित रहे और आज विधि विधान के साथ माताजी का विसर्जन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण व आसपास पास के लोग उपस्थित रहे।


नम आंखों से दी माता रानी को विदाई...



पलारी। पलारी नगर सहित समूचे अँचल में नवरात्रि में नौ दिनों तक माता दुर्गा की नव स्वरूपो की अराधना करने के बाद मंगलवार को इस नवरात्र की अंतिम विदाई दी गई। माता रानी के बिदाई के बेला में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण शामिल हुए तथा इस भावुक पल में सभी के आंखे नम थी। गौरतलब हो कि नगर के बाजार चौक, महामाया और शीतला मंदिर में स्थापित मूर्ति का विसर्जन परंपरा के अनुसार मंगलवार की रात्रि में ही की गई वही ठाकुर देव चौक, गांधी चौक, शांति नगर, इंदिरा नगर, सरस्वती चौक आदि जगहों को दिन में डीजे के साथ भक्ति संगीत में झूमते हुए भक्तों ने नगर के चमरी तालाब में विसर्जन किया | प्रतिमा विसर्जन में क्रेन का उपयोग किया गया | इस दौरान माता रानी को विदाई देते हुए श्रद्धालुओं के आंखों से आंसू रुक नही रहे थे, वहीं बघेल कालोनी सहित विभिन्न स्थानों पर विराजित माता सरस्वती को भी भावपूर्ण विदाई दी गई।

पटाखों पर भी महंगाई की मार, 15 फीसदी तक बढ़े दाम, प्रदेश में होगा 500 करोड़ का बम फोड़ कारोबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



त्योहारी सीजन में जहां ज्यादातर सामान महंगे हो गए हैं, वहीं पटाखों पर भी महंगाई की मार पड़ी है। पटाखे 10 से 15 फीसदी तक महंगे हो गए हैं। अपने प्रदेश में भी ज्यादातर पटाखे शिवकाशी से आते हैं। वैसे लोकल पटाखे भी बनते हैं। प्रदेश में इस बार पांच सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार होने की संभावना है। राजधानी रायपुर में सबसे ज्यादा 100 करोड़ का कारोबार होगा।

इसी के साथ गांवों से लेकर शहरों तक बड़ा कारोबार होगा। इस बार भी कुछ नए आइटम बाजार में आए हैं। अब तक बाजार पूरी तरह से गुलजार नहीं हुए हैं। आने वाले सप्ताह में दशहरे के बाद जब अस्थाई बाजार लगेंगे, तो बिक्री की रफ्तार में इजाफा होगा। अभी कारोबार की रफ्तार धीमी है। दीपावली पर वैसे तो सबसे बड़ा कारोबार आटोमोबाइल, सराफा, इलेक्ट्रॉनिक्स, कपड़ों, बर्तनों का होता है, लेकिन मिठाई और पटाखों के बिना दीपावली फीकी रहती है। पटाखों का कारोबार दूसरे बड़े सेक्टरों की तरह ज्यादा नहीं होता, लेकिन फिर भी पूरे प्रदेश में इसका अच्छा कारोबार होता है।

खबर संक्षेप

महुआ शराब बरामद

महासमुंद। पिथौरा पुलिस ने ग्राम ठाकुरदिया में एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद संदेही परसराम निषाद पिता अमरसिंह निषाद (46 साल) ठाकुरदियाखुर्द के घर बाड़ी से 12 लीटर हाथ भट्ठी से निर्मित देशी महुआ शराब कीमत 2400 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति घायल

महासमुंद। नगर पालिका के सामने बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति के घायल होने के मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। नयापारा निवासी संतोष पटेल पुलिस पेट्रोल पंप के पास 16 अक्टूबर को अपना खिलौना दुकान लगाने मोटर सायकल टीवीएस एक्सल क्रमांक सीजी 04 एमवाय 5370 से जा रहा था। शाम करीबन 04.45 बजे नगरपालिका महासमुंद के सामने पहुंच कर रोड पार कर रहा था, तभी बरौंडा चौक की ओर से आ रहे मोटर सायकल ग्लैमर क्र. सीजी 14 एमएस 2394 के चालक ने अपने वाहन को तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुये लाकर संतोष पटेल के मोटर साकल को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में संतोष के बांये पैर, सिर में चोंट लगी।

नौकरी छोड़ने की बात पर मैनेजर को पीटा

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने एक व्यक्ति से मारपीट करने के मामले में रेस्टोरेंट के संचालकों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रार्थी दिशांत पांडेय ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह लभांडी स्थित गुलाटी बाय एमपी किचन रेस्टोरेंट में मैनेजर के पद पर कार्य करता है, जिसे वह छोड़ना चाहता है। इस संबंध में जब उसने 8 अक्टूबर को रेस्टोरेंट के संचालक विशाल गुलाटी एवं पारस टंडन से बातचीत की तो इसे लेकर दोनों ने पहले नाराजगी जताई और फिर इस बात को लेकर दोनों ने गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देकर उसके साथ मारपीट की। इससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में दोनों के विरुद्ध बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध दर्ज किया है।

दो भाभियों ने ननद से की मारपीट, केस दर्ज

रायपुर। तेलीबांधा पुलिस ने युवती से मारपीट के मामले में दो महिलाओं के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया सोना कुमार भारती ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 18 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे कृष्णी और केशरी, जो रिश्ते में प्रार्थिया की भाभी हैं, ने उसे पगली कहते हुए उनके बच्चों को परेशान करने का आरोप लगाकर उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने बीएनएसः 296, 351-2, 115-2, 3-5 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

बंगोली में दुर्गा विसर्जन के साथ महाप्रसादी वितरण...





बंगोली। शारदीय नवरात्र पर्व के चलते ग्राम बंगोली में नवजागृति दुर्गोत्सव बजरंग चौक, नवयुवक दुर्गोत्सव भाटापारा,नवयुवक दुर्गोत्सव बस स्टैण्ड पारा तथा नवोदय दुर्गोत्सव समिति बाजार चौक मे माँ दुर्गा की प्रतिमा स्थापना किया था। पूरे नौ दिन विधि विधान से पूजा अर्चना कर दशमी तिथि को विसर्जन यात्रा पूरी की। विसर्जन के दौरान माॅ के भक्तों में महिला, पुरुष, कन्याओं में माॅ की शक्ति परिलक्षित होती रही। अलावा विसर्जन में ग्रामवासी हजारों की संख्या में शामिल रहे। नवरात्रि में ग्राम के जस सेवा समिति के सदस्यों ने मांदर, झांझ, मंजीरा, ढोलक सहित माॅ के जस पचरा गीत गाकर यथाशक्तिनुसार सेवा भाव की। नवरात्रि के दिनों में जस, झांकी, रिकॉर्डिंग डांस ,सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर दर्शकों ने आनंद लिया। प्रतिमा स्थापना के साथ टोकनी में जंवारा फुलवारी बोया गया था जिसका विसर्जन मां शीतला तालाब मे किया गया। विसर्जन दिवस पर नारायण प्रसाद वर्मा, सुरेंद्र वर्मा, राजेंद्र वर्मा, विजय वर्मा, यशवंत वर्मा ने अपने समस्त परिवार व दिवंगत हुए सदस्यों के नाम पर महाप्रसादी का वितरण किया जिसका प्रसादी लाभ समस्त ग्रामवासियों ने लिया।

महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर लिया विदाई यात्रा में हिस्सा

अंचल में मां दुर्गा को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन

अंचल के मोहरा, हिरमी, भालेसूर, बरडीह, मुसवाडीह सहित आसपास के गांवों में शारदीय नवरात्र पर्व के समापन के बाद मां दुर्गा की प्रतिमाओं को श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ विदाई दी गई। इस दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा। माता रानी की विदाई यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

बाजे-गाजे और जसगीतों की धुन पर भक्त माता की आराधना करते हुए आगे बढ़ते रहे।नवरात्र के नौ दिनों तक मां दुर्गा की पूजा-अर्चना, आरती और विभिन्न धार्मिक आयोजनों से गांवों में उत्साह का माहौल रहा। जगह-जगह स्थापित दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती रही। वहीं, पर्व के अंतिम दिन माता रानी की विदाई के दौरान भक्तों में उत्साह के साथ भावुकता भी देखने को मिली। माता की प्रतिमाओं को आकर्षक ढंग से सजाकर वाहनों में विराजित किया गया। इसके बाद गली-मोहल्लों में भ्रमण कराते हुए विदाई यात्रा निकाली गई। इस दौरान माता के भक्तगण बाजे-गाजे के साथ जसगीत गाते हुए चल रहे थे। मां दुर्गा के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालु माता रानी के दर्शन कर सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते नजर आए।



विदाई यात्रा में महिलाएं, पुरुष और युवा सहित सभी वर्गों के लोग शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने माता रानी को भावपूर्ण विदाई देते हुए अगले वर्ष फिर से आगमन की कामना की। जगह-जगह लोगों ने माता के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।नवरात्र पर्व के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और भाईचारे की सुंदर झलक देखने को मिली। माता रानी की विदाई के साथ ही नौ दिनों तक चले उत्सव का समापन हुआ। श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से क्षेत्र में सुख-समृद्धि, अच्छी फसल और सभी के जीवन में खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की। जय माता दी के जयकारों के साथ भक्तों ने मां दुर्गा को विदाई दी और अगले नवरात्र में पुनः आगमन की कामना की।



मां दुर्गा का विसर्जन जयकारों से गूंजा सुहेला

सुहेला। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना और आराधना के बाद विजयादशमी पर मां दुर्गा को भावभीनी विदाई दी गई। रामनगरपारा के गांधी चौक, पुरानी बस्ती के गुड़ी चौक और शनि मंदिर के पास विराजित माता की प्रतिमाओं का ढोल-मांदर की थाप और जसगीतों के बीच विसर्जन किया गया। नौ दिनों तक माता के दरबार में भक्तों की भीड़ उमड़ती रही। विसर्जन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। माता के जयकारों और भक्ति गीतों से माहौल भक्तिमय हो उठा। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद तालाबों में प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।



भरुवाडीह कला में मां दुर्गा को दी गई विदाई

खरोरा। ग्राम भरुवाडीह कला में मां दुर्गा का विसर्जन श्रद्धा, भक्ति एवं हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर गांव के भक्तगण एवं श्रद्धालु जस गीत, सेवा गीत तथा ढोल-मंजीरे की मधुर धुनों के साथ माता रानी की आराधना करते हुए विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। माता रानी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने नम आंखों और भरे मन से मां दुर्गा को विदाई दी तथा अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। विसर्जन के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखने को मिला। मां दुर्गा की आराधना और सामूहिक सहभागिता ने गांव में धार्मिक आस्था, आपसी प्रेम, भाईचारे एवं सामाजिक एकता की भावना को और मजबूत किया। इस अवसर पर शिक्षक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि मां दुर्गा का पर्व हमारी धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सनातन संस्कृति का प्रतीक है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और पारस्परिक सहयोग की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। माता रानी की विदाई भले ही भावुक क्षण हो, लेकिन भक्तों के मन में उनके अगले वर्ष पुनः आगमन की आशा और विश्वास सदैव बना रहता है। उन्होंने मां दुर्गा से प्रार्थना की कि ग्राम भरुवाडीह कला सहित समस्त क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि एवं खुशहाली बनी रहे तथा सभी ग्रामवासियों के जीवन में सकारात्मकता और आनंद का संचार हो।



अर्जुनी में भक्तिमय माहौल में हुआ जंवारा विसर्जन



अर्जुनी। नौ दिन तक चले आस्था व आराधना का नवरात्रि पर्व के नवमी तिथि को ग्राम अर्जुनी में मंदिरों में स्थापित ज्योत जवारा का श्रद्धा भाव और भक्ति भाव के साथ विसर्जन हुआ। ज्योत जवारा का विसर्जन यात्रा दुर्गा मंदिर में विधि विधान पूर्वक पुजा अर्चना के साथ प्रारंभ हुआ। विसर्जन यात्रा में मां के श्रद्धालु बाना धारण किए हुए थे एवं सेवा समिति द्वारा मांदर की थाप पर मां के गीतों का गायन कर चल रहे थे।इसी लय के साथ ही बड़े-बड़े बाना धारी श्रद्धालु लीन रहे और आस्था और भक्ति मय रूप को प्रकट किया। मां के जयकारों से गलियों में भक्तिमय वातावरण बना रहा। इस ज्योत जवारा को देखने श्रद्धालुओं व ग्रामीणों की भीड़ लगी रही। विसर्जन यात्रा दुर्गा मंदिर से होते हुए मावली मंदिर और महामाया मंदिर पहुंचकर तीन मंदिरों का क्रमबद्ध होकर रामसागर तालाब में विसर्जित किया। महानवमी के अवसर में मंदिरों व घरों में नौ कन्याओं का पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया तथा ग्राम व क्षेत्र की खुशहाली एवं सुख समृद्धि की कामना की गई।





माता रानी का विसर्जन, बिलासपुर के बाना ग्रुप ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव



नगर भटगांव के रंग मंदिर में आज बड़े ही हर्षोल्लास और भक्तिमय माहौल में माता रानी के विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। नौ दिनों तक माता की सेवा-पूजा करने के बाद आज नम आंखों से भक्तों ने माता रानी को विदाई दी और अगले बरस फिर से आने की कामना की। विसर्जन समारोह को यादगार बनाने के लिए विशेष रूप से टाटा, बिलासपुर से स्पेशल बाना ग्रुप को आमंत्रित किया गया था। इस ग्रुप ने अपने आकर्षक बाना नृत्य और डीजे की धुन पर ऐसा समां बांधा कि पूरा नगर भक्तिमय हो गया। विसर्जन से पहले रंग मंदिर में विधि-विधान से माता रानी की अंतिम आरती और पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों के साथ माता रानी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में आगे-आगे बाना ग्रुप के कलाकार अपने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य करते चल रहे थे, जिन्हें देखने के लिए सड़कों के किनारे लोगों की भारी भीड़ लगी थी। बाना ग्रुप द्वारा प्रस्तुत शिव तांडव, बजरंग बली और देवी रूपों के नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी इस अद्भुत प्रस्तुति को देखकर मंत्रमुग्ध हो गए। पूरे नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा विसर्जन स्थल पहुंची। बोल सांचे दरबार की जय और अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारों के बीच माता रानी का विसर्जन किया गया। इस दौरान कई श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। रंग मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि उत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नौ दिनों तक मंदिर में जसगीत, भंडारा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था, जिसमें नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष, सदस्यगण सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं और युवा उपस्थित रहे। पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे विसर्जन कार्यक्रम शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ।

घोरभट्टी में निकली रामलीला जुलूस यात्रा..

भैंसा। राजा रामचंद्र जी स्टेरिंग में सवार होकर निकली रामायण लीला की जुलूस यात्रा भैंसा समीपस्थ ग्राम घोरभट्टी में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा के पावन अवसर पर रामलीला मंडली की पूरी टोली सज सवरकर भैंसा तथा आसपास के ग्रामों का भ्रमण किया तथा छोटे बड़े सभी ने उनका आशीर्वाद दिया ।उक्त अवसर पर बाल कलाकारों को देखने बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंचते रहे।







खबर संक्षेप



विनय-विवेक के बिना धन और यौवन व्यर्थ : संवेगरत्न सागर

रायपुर। विवेकानंद नगर स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय में जारी सर्वमंगलमय वर्षावास के तहत नौ दिवसीय शाश्वत नवपद ओली आराधना के दूसरे दिन सोमवार को सिद्ध पद की आराधना की गई। मुनिश्री संवेगरत्न सागरजी आदि ठाणा की निश्रा में आयोजित धर्मसभा में मुनिश्री ने सिद्ध पद का महत्व बताते हुए कहा कि आत्मा को कर्मों के बंधन से मुक्त कर मोक्ष मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए यह आराधना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि धन के साथ विनय, यौवन के साथ विवेक और शरीर के साथ संयम होना जरूरी है। विनय और विवेक के अभाव में धन उपद्रव का कारण बन सकता है, जबकि विवेक के बिना यौवन व्यक्ति को भटका सकता है। इसी तरह मोक्ष प्राप्ति का लक्ष्य और संयम नहीं हो तो शीलवान शरीर और मनचाही पात्रता भी आत्मकल्याण में सहायक नहीं बन पाती। जीवन में संसार बढ़ाने के बजाय उसे समेटने का पुरुषार्थ करना चाहिए।

अशोक एनआईटी के नए कुलसचिव



रायपुर। अशोक कुमार गुप्ता को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) का नया कुलसचिव नियुक्त किया गया है। वे आईआईटी भिलाई से प्रतिनियुक्ति पर राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पदस्थ हुए हैं। उन्हें शैक्षणिक संस्थानों के प्रशासन के क्षेत्र में 20 वर्षों से अधिक का पेशेवर अनुभव प्राप्त है। एनआईटी रायपुर में कार्यभार ग्रहण करने से पूर्व वे दिसंबर 2017 से आईआईटी भिलाई में अपर कुलसचिव एवं उप कुलसचिव के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

महिलाओं के बनाए वीडियो, तीन धरे गए

रायपुर। राजधानी रायपुर में महिलाओं और युवतियों नहाते वक्त वीडियो बनाकर साथियों से शेयर करने के मामले में गोलबाजार पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें धर-दबोचा। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के अलावा मोहल्ले की तीन अन्य लड़कियों के भी निजी वीडियो बनाए गए थे। पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज किया है।

पुरानी बात को लेकर मारपीट

महासमुंद। ग्राम देवरी के एक व्यक्ति के साथ पुरानी बातों को लेकर मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम देवरी का डाक्टर कुमार मिरी गांव में ही अपने ससुराल से वापस अपने घर पैदल आ रहा था, तभी गोठान के पास गांव का ननकी लाल खूंटे उसके स्वर्गीय पिता संत राम मिरी को पुरानी बात को लेकर गाली गलौज कर रहार था, जब उसने ननकीलाल को कहा कि मेरे पिताजी का स्वर्गवास हो गया है तो उनको क्यों गाली दे रहो, इस पर आरोपी न गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए डंटे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

माता की विसर्जन यात्रा में झूमे भक्तजन

कटगी। माता रानी की विदाई के अवसर पर कटगी में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। माता की विसर्जन यात्रा में श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर भक्तजन जमकर थिरके और माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। विसर्जन यात्रा के दौरान जगह-जगह महिलाओं ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर श्रद्धापूर्वक नमन किया। महिलाओं ने विसर्जन यात्रा का स्वागत करते हुए माता रानी की आरती उतारी और सुख-समृद्धि की कामना की। इस दौरान महिलाओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा देखने को मिली। रास्ते में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वहीं, विसर्जन यात्रा में युवा और अन्य श्रद्धालु भक्ति गीतों की धुन पर नृत्य करते नजर आए। माता रानी के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। भक्तों ने नम आंखों से माता रानी को विदाई दी और अगले वर्ष पुनः आगमन की कामना की। पूरी विसर्जन यात्रा के दौरान श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। श्रद्धालुओं ने माता रानी से क्षेत्र में सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली बनाए रखने की प्रार्थना की।



कसडोल में भक्ति और आस्था के साथ जंवारा विसर्जन, 50 से 60 युवक-युवतियों ने धारण किया बाना

बाजे-गाजे और माता सेवा की धुन पर निकली विसर्जन यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

शारदीय नवरात्र के समापन पर कसडोल नगर में देवी मंदिरों के ज्योति कलश एवं जंवारा विसर्जन का पर्व पूरे विधि-विधान और भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। माता सेवा की धुन, ढोल-नगाड़ों की गूंज और जयकारों के बीच श्रद्धालु नाचते-गाते विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। नगर के प्रमुख बजरंग चौक में जंवारा दर्शन के लिए हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। इस दौरान माता के प्रति भक्तों की अटूट आस्था और वर्षों पुरानी परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला।

गौरतलब है कि 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक चले शारदीय नवरात्र के दौरान नगर एवं आसपास के क्षेत्र कदेवी मंदिरों में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। मंदिरों में श्रद्धालुओं द्वारा जंवारा एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। महाअष्टमी पर हवन-पूजन के पश्चात नवकन्या भोज का आयोजन हुआ, वहीं नवमी के दिन जंवारा विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का समापन हुआ।

चार प्रमुख मंदिरों में बोया गया जंवारा

कसडोल नगर में नवरात्र के दौरान जंवारा बोने और उसका विसर्जन करने की विशेष धार्मिक परंपरा है। नगर के मां महामाया, मां चंडी, मां समलाई और मां शीतला मंदिर में प्रतिवर्ष जंवारा बोया जाता है। नवमी के दिन सभी मंदिरों के जंवारा का नगर के प्रमुख तालाब में विसर्जन किया जाता है। परंपरा के अनुसार, सेवा मंडली द्वारा बाजे-गाजे के साथ जंवारा को सजाया गया। इसके बाद नगर के प्रमुख बैगा ने पूजा-अर्चना की और देवी मंदिरों से विसर्जन यात्रा निकाली गई। सभी मंदिरों का जंवारा नगर के मुख्य चौक बजरंग चौक में एकत्रित हुआ, जहां से श्रद्धालु सामूहिक रूप से विसर्जन के लिए तालाब पहुंचे।

बाना धारण कर युवाओं ने दिखाई अटूट आस्था

इस वर्ष जंवारा विसर्जन के दौरान मां शीतला मंदिर की परंपरा विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यहां 50 से 60 युवक-युवतियों ने बाना धारण कर मां के प्रति अपनी श्रद्धा और भक्ति प्रकट की। किसी ने गाल, किसी ने जीभ, तो किसी ने पीठ, पेट और हाथ में बाना धारण किया। माता सेवा की धुन पर झूमते श्रद्धालुओं ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। बाना धारण कराने वाले बैगा नारायण यादव और सुरेश जायसवाल ने बताया कि कसडोल में जंवारा विसर्जन के दौरान बाना धारण करने की परंपरा लगभग 20 वर्षों से लगातार निभाई जा रही है। हर साल श्रद्धालु पूरे उत्साह और आस्था के साथ इस परंपरा में शामिल होते हैं।



क्रमवार हुआ जंवारा विसर्जन

नगर की परंपरा के अनुसार सबसे पहले मां महामाया मंदिर के जंवारा का विसर्जन किया गया। इसके बाद मां चंडी और मां समलाई मंदिर के जंवारा का विसर्जन हुआ। अंत में मां शीतला मंदिर के जंवारा का विसर्जन किया गया। विसर्जन यात्रा को देखने और माता के दर्शन करने के लिए बजरंग चौक सहित मार्गों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। बाजे-गाजे, माता सेवा, जयकारों और श्रद्धालुओं की सहभागिता के बीच संपन्न हुए जंवारा विसर्जन के साथ ही कसडोल में शारदीय नवरात्र पर्व का विधिवत समापन हुआ। पूरे आयोजन में धार्मिक आस्था, लोक परंपरा और सामूहिक सहभागिता की झलक देखने को मिली।





मां दुर्गा को दी गई विदाई, विसर्जन में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

खरोरा। खरोरा अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों में शारदीय नवरात्र पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। नौ दिनों तक मां दुर्गा की आराधना में लीन रहे श्रद्धालुओं ने दुर्गा अष्टमी पर विधि-विधान से पूजा-अर्चना और हवन कर ग्राम की सुख-समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। पूरे नवरात्र के दौरान गांवों में भक्तिमय माहौल रहा और माता के जयकारों से क्षेत्र गूंजता रहा। नवमी के अवसर पर खरोरा क्षेत्र में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। माता की विदाई में बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु शामिल हुए। सेवा मंडली के सदस्यों ने पारंपरिक जसगीतों की मधुर प्रस्तुति दी। जसगीतों और माता के जयकारों के बीच श्रद्धालु प्रतिमा को लेकर शीतला तालाब पहुंचे, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

जसगीतों पर झूमते रहे श्रद्धालु

विसर्जन यात्रा के दौरान सेवा जसगीतों और शक्ति गीतों की धूम रही। 'शारद मोर शक्ति मां', 'कंकालीन मोर माता', 'कौन नगर से निकले देवी कालिका' और 'कब तो लोहा बांधे' जैसे गीतों पर श्रद्धालु नाचते-गाते हुए माता को विदाई देते रहे। कई भक्त पारंपरिक धार्मिक मान्यताओं के अनुसार गाल, जीभ, कान और शरीर के अन्य हिस्सों में सांग धारण कर अपनी आस्था प्रकट करते नजर आए। पुरुष सिर पर जलते हुए कलश लेकर चल रहे थे, वहीं युवतियां सिर पर टोकरी में जवारा धारण कर क्रमबद्ध तरीके से विसर्जन यात्रा में शामिल हुईं। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं भी माता के दर्शन एवं विदाई के लिए शीतला तालाब पहुंचे।



अटूट आस्था के साथ नवरात्र पर्व का समापन

खरोरा अंचल में नवरात्र पर्व के दौरान मां दुर्गा के प्रति ग्रामीणों की अटूट आस्था और भक्ति देखने को मिली। नौ दिनों तक पूजा-अर्चना, जसगीतों और धार्मिक आयोजनों से गांवों का वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रतिमा विसर्जन और भंडारा-प्रसादी वितरण के साथ कई गांवों में पर्व का समापन हुआ। वहीं, अंचल के कुछ अन्य गांवों में मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन विजयादशमी के अवसर पर किया गया। पूरे क्षेत्र में नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धा, भक्ति और धार्मिक उल्लास का माहौल बना रहा।



विदाई के समय भावुक हुए भक्त

नौ दिनों तक माता की सेवा और आराधना के बाद विदाई के समय श्रद्धालुओं में भावुकता और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। जहां नौ दिनों की पूजा-अर्चना की संतुष्टि श्रद्धालुओं के चेहरों पर दिखाई दी, वहीं माता की विदाई के दौरान कई भक्त भावुक हो गए। सभी ने मां दुर्गा से अगले वर्ष फिर गांव में पधारने और अपनी कृपा बनाए रखने की कामना की। प्रतिमा विसर्जन के बाद भंडारा एवं प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रसादी ग्रहण कर लोगों ने आपसी प्रेम, सद्भाव और सामाजिक एकजुटता का परिचय दिया। धार्मिक आयोजन के समापन पर श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा से अपने परिवार सहित पूरे गांव की सुख-शांति, खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की।

श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया माता का प्रसाद



भैंसा। व्यापारी संघ बस स्टैंड भैंसा के तत्वाधान में समिति के द्वारा भोजन भंडारे का आयोजन किया गया था। उक्त अवसर पर खीर पूरी सब्जी का वितरण किया गया, जहां पर बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भैंसा के उपसरपंच उत्तम साहू, ग्राम भैंसा के सरपंच प्रतिनिधि मोहन कोठारी, व्यापारी संघ के सदस्य गण नरेंद्र साहू, दिलीप सिंह कोठारी, दीपक उपस्थित थे।।

भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा हुए कार्यक्रम में शामिल

रामलीला केवल धार्मिक कथा नहीं संपूर्ण जीवन का दर्शन है

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

आदर्श रामलीला नाटक मंडली भाटापारा के 107वें वर्ष के रामलीला मंचन के नवें दिवस पर आयोजित अहिरावण वध एवं देवी लीला कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भाजपा के वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा मुख्य रूप से शामिल हुए। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने समस्त नगरवासियों को शारदीय नवरात्रि की महानवमी और विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। शिवरतन शर्मा ने कहा कि रामलीला का मंचन हमारी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। यह केवल धार्मिक कथा का मंचन नहीं है, बल्कि संपूर्ण जीवन का दर्शन है। रामलीला के प्रत्येक पात्र में एक गहरा संदेश छिपा है और प्रत्येक प्रसंग हमें बताता है कि असत्य पर सत्य और अधर्म पर धर्म की सदैव विजय होती है। न्होंने कहा कि जब हमारे बच्चे और युवा रामलीला देखते हैं, तो वे धर्म, त्याग, सत्य, कर्तव्य और मर्यादा जैसे सनातन मूल्यों को आत्मसात करते हैं।



शिवरतन शर्मा ने कहा कि त्रेता में अवतरित भगवान राम का जीवन मूल्य आज के समय की आवश्यकता है। प्रभु श्रीराम का आदर्श जीवन हमें सिखाता है कि जीवन में कितनी भी विपरीत परिस्थितियां क्यों न हों, हमें अपने सिद्धांतों और वचनों का पालन करना चाहिए। भगवान राम का आदर्श भारत के सांस्कृतिक मूल्यों का संवर्धन करता है और बिना किसी सामाजिक, आर्थिक व सांस्कृतिक विषमताओं के प्रगतिशील राष्ट्र का निर्माण करना ही भगवान राम के जीवन का संदेश है।

इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने नाटक मंडली के सभी पदाधिकारियों एवं कलाकारों से भेंट कर शानदार मंचन के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं, कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

